बी. ए. ऑनर्स (संस्कृत) पार्ट-1 परीक्षा 2018-2019

प्रश्नपत्र कूट संख्या - 1652

द्वितीय प्रश्न पत्र - संस्कृत नाटक

पाठ्यक्रम **100 अंक**

1. स्वप्नवासवदत्तम् - भास
2. दूतवाक्यम् - भास
3. प्रायोगिक व्याकरण

यह पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभक्त है। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है -

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ

प्रथम इकाई	-	स्वप्नवासवदत्तम् के 1-3 अंक।
द्वितीय इकाई	-	स्वप्नवासवदत्तम् के 4-6 अंक।
तृतीय इकाई	-	दूतवाक्यम् का पूर्वार्द्ध भाग।
चतुर्थ इकाई	-	दूतवाक्यम् का उत्तरार्द्ध भाग।
पंचम इकाई	-	प्रायोगिक व्याकरण। इसके अन्तर्गत उपर्युक्त पाठ्यपुस्तकों से व्याकरणात्मक अर्थात् संधि, समास, प्रकृति, प्रत्यय, टिप्पणी पूछी जाएगी।

प्रश्न-पत्र का विस्तृत अंक विभाजन

प्रथम खण्ड 20 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दस प्रश्न विकल्परहित पूछे जाएँगे, जिनके उत्तर अति-संक्षेप में अपेक्षित हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। ये प्रश्न समग्र पाठ्यक्रम से पूछे जाएँगे।

द्वितीय खण्ड 50 अंक

इस खंड में कुल पाँच प्रश्न पूछे जाएँगे। इनका शतप्रतिशत विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका विस्तृत विवरण निम्नलिखित प्रकार से है -

विस्तृत विवरण

(क) स्वप्नवासवदत्तम् नाटक के 1-3 अंकों में से किन्हीं दो श्लोकों को देकर एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

(ख) स्वप्नवासवदत्तम् नाटक के 4-6 अंकों में से किन्हीं दो श्लोकों को देकर किसी एक श्लोक की संस्कृत भाषा में सप्रसंग व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

(ग) दूतवाक्यम् एकांकी के पूर्वार्द्ध भाग से दो श्लोकों (अथवा गद्यांशों) को देकर एक श्लोक अथवा गद्यांश की व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

(घ) दूतवाक्यम् एकांकी के उत्तरार्द्ध भाग से दो श्लोकों (अथवा गद्यांशों) को देकर एक श्लोक अथवा गद्यांश की व्याख्या कराई जाएगी। 10 अंक

(ङ.) उपर्युक्त पाठ्यपुस्तकों में से किन्हीं बीस शब्दों को देकर उनमें से दस शब्दों की व्याकरण -परक ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। 10 अंश

इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:-

1. कोई छः संधि-युक्त शब्द देकर उनमें से किन्हीं तीन का समास का नाम पूछा जाएगा।

2. कोई आठ शब्द देकर उनमें से किन्हीं चार का प्रकृति-प्रत्यय विवेक पूछा जाएगा।

तृतीय खंड 30 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न पूछे जाएँगे। इनमें से प्रत्येक का विकल्प उपलब्ध रहेगा। इनका उत्तर लगभग 300 शब्दों में देना अपेक्षित है। इनका विस्तृत विवरण निम्नप्रकार है:-

प्रथम प्रश्न 15 अंक

इस प्रश्न का आधार निम्नलिखित विषय होंगे -

स्वप्नवासवदत्तम् नाटक की विषयवस्तु की समालोचना, उक्त नाटक के मुख्य पात्रों का चरित्र-चित्रण, भास की नाट्यकला की दृष्टि से विशेषताएँ, भास का संस्कृत नाट्य-साहित्य को योगदान आदि।

द्वितीय प्रश्न 15 अंक

इस प्रश्न का आधार निम्नलिखित विषय होंगे -

दूतवाक्यम्-एकांकी की विषयवस्तु एवं महत्त्व, उक्त एकांकी के प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण, प्रस्तुत एकांकी में भास का योगदान, भास की भाषा-शैली की विशेषताएँ, भास का संस्कृत नाट्यसाहित्य में योगदान, भास का संस्कृत नाटककारों में स्थान आदि।

*****